पंजाब केसरी 20/09/2025



अम्बाला सदर नगरपरिषद द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र के साथ जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

# नगरपरिषद ने जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को किया सम्मानित

अम्बाला, 19 सितम्बर (बलराम): अम्बाला सदर नगरपरिषद ने जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को स्वच्छ भारत मिशन-2025 में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। यह सम्मान 'स्वच्छ अम्बाला, हरित अम्बाला' अभियान के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसमें डॉ. रोहित दत्त के निरंतर प्रयासों को मान्यता दी गई।

उन्होंने न केवल अपने शिक्षण संस्थान, बल्कि समाज में भी स्वच्छता, पर्यावरण जागरुकता और सतत विकास की दिशा में प्रेरणादायी कार्य किए हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित अम्बाला के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया है। यह सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. रोहित दत्त ने नगरपरिषद प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के आदर्शों के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मिशन को उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएं।